# रंग-गुलाल और पिचकारियों की जमकर हुई खरीददारी

## लोगों की आमद से गुलजार रहा होली बाजार, फुटकर व्यापारियों को हुआ फायदा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 मार्च. रंगों के पर्व होली की दस्तक के साथ ही शहर का बाजार पूरी तरह रंगमय हो उठा है। शहर में जगह जगह लगी दुकानों में रंग-बिरंगी पिचकारियों और गुलाल की सजी कतारें राहगीरों का ध्यान खींच रही हैं। हालांकि कारोबारियों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार पिचकारियों की खरीदारी कुछ धीमी है, लेकिन बच्चों में उत्साह कम नहीं है।**





होली को लेकर बाजार पूरी तरह सज चुका है. रंग, गुलाल, पिचकारी, बैलून, मास्क और कैप की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है. खासकर ऑर्गेनिक रंग, सुपरहीरो थीम वाली पिचकारियां और नए फैशन ट्रेंड्स इस बार लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं. बच्चों से लेकर बड़ों तक हर कोई त्योहार की तैयारी में जुटा है.

दरअसल, बाजार में इस बार डिजाइनर पिचकारियों की भरमार है. बंदूक, तलवार, घोड़ा और सुपरहीरो स्टाइल की पिचकारियां बच्चों को खास पसंद आ रही हैं. इसके अलावा पाइप वाली पिचकारी की मांग सबसे ज्यादा देखी जा रही है. दुकानों पर 200 से अधिक ब्रांड के उत्पाद उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहकों के पास कई विकल्प मौजूद हैं.

### हर्बल गुलाल की मांग अधिक

रंगों की बात करें तो बाजार में हर्बल गुलाल और आर्गेनिक रंगों की मांग बढ़ी है। ग्राहकों में केमिकल मुक्त रंगों को लेकर जागरूकता देखी जा रही है। गुलाबी, पीला, हरा और नीला रंग सबसे अधिक बिक रहे हैं। इसके अलावा बच्चों के लिए स्प्रे कलर और रंगीन फेस पेंट भी उपलब्ध हैं। कई दुकानों पर 'स्किन फ्रेंडली' और 'नेचुरल' टैग वाले उत्पादों की अलग से सजावट की गई है


### मिठाई-नमकीन की बढ़ी मांग

बाजार में मिठाई, गुजिया, नमकीन और रंग-बिरंगे मुखौटे भी सज चुके हैं। जिन्हें खरीदने के लिए दुकानों में खासी भीड़ लगी रही।बच्चों के लिए कार्टून मास्क आदि आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कई जगहों पर डीजे और होली गीतों की धुन पर युवा खरीदारी करते नजर आए। गांवों में तो शाम के समय अलग ही मस्ती नजर आने लगी है।

# राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं

**नवभारत न्यूज**

**सतना 02 मार्च. नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने प्रदेशवासियों को होली एवं होलिका दहन की शुभकामनाएँ दी हैं।**



उन्होंने कहा कि होली का पर्व प्रेम, सौहार्द और खुशहाली का प्रतीक है। उन्होंने प्रार्थना की है कि होलिका की पावन अग्नि बुराइयों, विसंगतियों और रोगों को समाप्त करे तथा सभी के जीवन में सुख-समृद्धि के रंगों का संचार करे। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की अपील की है।

### रंगों के पर्व होली पर दी शुभकामनाएं



कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के सभी नागरिकों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि होली आपसी सद्भाव और प्रेम मिलन का त्यौहार है। इसे सद्भाव के साथ मनाएं। होली पर्व में किसी तरह का अमर्यादित आचरण न करें। सभी समुदायों के लोग मिल-जुलकर होली का पर्व मनाएं।



कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के समस्त नागरिकों को रंगों के पावन पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि होली पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा और उल्लास का संचार करता है। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि होली का त्योहार परंपरागत उत्साह के साथ-साथ शांति, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाएं।



# बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई को मारा चाकू

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 2 मार्च, रीवा जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मडरहा में लड़की से छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर आधा दर्जन से ज्यादा युवकों ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं परिजनों ने सेमरिया पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं.**

घटना के संबंध में घायल भूपेंद्र यादव के भाई रईस यादव निवासी ग्राम मंडरहा में जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व उसकी छोटी बहन से आरोपियों ने छेड़छाड़ की थी जिसका विरोध भूपेंद्र ने किया था. इसी घटना के बाद से आरोपी उसे मारने की फिराक पर घूम रहे थे इसकी रिपोर्ट पूर्व में सेमरिया थाने में की गई थी लेकिन पुलिस ने किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की थी. रईस ने बताया कि सुबह तकरीबन 9:30 बजे भूपेंद्र खेत की ओर गया था इसी दौरान आधा दर्जन से ज्यादा की संख्या में आए आरोपियों ने भूपेंद्र के ऊपर चाकू और लाठी डंडे से हमला कर दिया. भूपेंद्र का हल्ला गुहार सुनकर जब परिजन दौड़े तो आरोपी मौके से फरार हो गए. इसके बाद गंभीर हालत में भूपेंद्र को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

# हाइवा और मैजिक की टक्कर, 10 गंभीर घायल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 2 मार्च, रीवा जिले में एक भीषण सड़क हादसे में दर्जन भर लोग घायल हो गए. घटना सिलपरा रिंग रोड स्थित बिछिया थाना क्षेत्र की है, जहां तेज रफ्तार हाइवा और मैजिक वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई.**

बताया जा रहा है कि मैजिक वाहन में करीब एक दर्जन लोग सवार थे और सभी रीवा से गोविंदगढ़ की ओर जा रहे थे. इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने मैजिक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मैजिक वाहन सड़क पर पलट गया. हादसे में 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका उपचार जारी है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा. पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है.



### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन 7 तक

**सतना 02 मार्च.** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो चुका है। पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने मैहर जिले के सभी किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने अभी तक समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु पंजीयन नहीं कराया है, वे निर्धारित अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन करा लें।

# जनगणना-2027 के लिए सतना में दल गठित

▶ 5 दिवस में पूर्ण होगा मकान सूचीकरण कार्य

**नवभारत न्यूज**

**सतना 02 मार्च. भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत सतना जिले में मकानों की नंबरिंग एवं ब्लॉक गठन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।**

इस संबंध में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सतना डॉ. सतीष कुमार एस द्वारा जारी आदेशानुसार भारत की जनगणना 2027 के तहत जिले के समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मकान सूचीकरण, मकानों की नंबरिंग एवं गणना ब्लॉक के गठन का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाएगा। गठित दल में समस्त अनुभाग के अनुविभागीय जनगणना अधिकारी तथा नगर जनगणना अधिकारी नगरपालिका निगम सतना को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के चार्ज जनगणना अधिकारी, नगर पालिक निगम सतना के जोनल जनगणना अधिकारी तथा समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके सहयोग के लिए पटवारी, सचिव/वार्ड प्रभारी, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम कोटवार को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कलेक्टर ने निर्देष दिये है कि संबंधित दल 5 दिवस के भीतर अपने-अपने क्षेत्रों में मकानों की नंबरिंग एवं ब्लॉक गठन का कार्य पूर्ण करेंगे।




# मड़वास पुलिस ने सतना से सकुशल बरामद की नाबालिग बालिका

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 2 मार्च. थाना मडवास पुलिस ने गुमशुदगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता नाबालिग बालिका को सफलतापूर्वक ढूंढ निकाला है। पुलिस की सक्रिय जांच के फलस्वरूप अपहृता को जिला सतना के ग्राम खुरधरा से सकुशल बरामद कर लिया गया।**



गत 16 फरवरी 2026 को मडवास थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के घर से बिना बताए कहीं चले जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। परिजनों की शिकायत पर मडवास पुलिस ने तत्काल गंभीरता दिखाते हुए बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में टीम ने मामले की बारीकी से पड़ताल की। पुलिस ने उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल संसाधनों और प्राप्त विश्वसनीय सूचनाओं का उपयोग करते हुए त्वरित कार्यवाही की। जांच के दौरान मिली पुख्ता जानकारियों के आधार पर उपनिरीक्षक आर.बी. सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को टीम के साथ तत्काल जिला सतना भेजा गया। पुलिस टीम ने निरंतर प्रयास कर ग्राम खुरधरा, थाना जसो (जिला सतना) से अपहृता को सही-सलामत दस्तयाब किया। बालिका के मिलने के उपरांत पुलिस ने नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की और उसे सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द कर दिया।




### राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें

**सतना 02 मार्च.** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है।

## जिले में कल बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**नवभारत न्यूज**

**सतना 02 मार्च. कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीष कुमार एस द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 के तहत 4 मार्च 2026 बुधवार अर्थात् होली (जिस दिन रंग खेला जायेगा) का त्यौहार होने पर कानून व्यवस्था की दृष्टि से जिले में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी किया गया है।**

जारी आदेशानुसार 3 मार्च को रात्रि 11:30 बजे से 4 मार्च 2024 को सायं 5 बजे तक संपूर्ण सतना जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानें, एफएल.-3, वाईन की फुटकर बिक्री (रिटेल आउटलेट), एफएल.-9 इकाईयां पूर्णत: बंद रखी जायेंगी। मदिरा दुकानों पर बिक्री पूर्णत: निषेध रहेगी। इस दौरान देशी मदिरा भण्डागार सतना से प्रदाय पूर्णत: निषेध रहेगा। कलेक्टर ने जारी आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।




# मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने किया होलिका पूजन

## बड़कुल्ला की माला पहनाकर मांगी परिवार की खुशहाली



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 2 मार्च. हरियाणवी मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने सोमवार शाम ठंडी होलिका की पूजा की। शहर के सुभाष पार्क में महिलाओं ने आकर्षक होलिका सजाई और परिवार की खुशहाली की कामना की। यह परंपरा होलिका दहन से पहले निभाई जाती है।**

पूजा के दौरान महिलाओं ने होलिका माता को ब?कुल्ला (छोटे कंडे की माला) पहनाया। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और परिवार के सदस्यों के लिए सुख-समृद्धि की मनोकामना की। यह पर्व मनाने का हरियाणवी मारवाड़ी समाज का एक अनूठा तरीका है। जहां आमतौर पर लोग होलिका दहन के बाद पूजा करते हैं, वहीं इस समाज में होलिका दहन से पहले दिन में विधि-विधान से ठंडी होलिका की पूजा की जाती है। समाज के लोग इसे अपने पूर्वजों द्वारा चली आ रही एक पुरानी परंपरा बताते हैं।

मारवाड़ी समाज में होलिका को लेकर दो प्रमुख परंपराएं हैं। हरियाणा के मारवाड़ी समाज द्वारा ठंडी होली मनाई जाती है, जबकि राजस्थान के मारवाड़ी समाज में अग्नि की ज्वाला देखते हुए होलिका माता की पूजा करने का विधान है।







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99